"एशियाड टावर" का निर्माण

2926. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

श्री अनन्तराम जायसवाल : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई दिल्ली स्थित खेलगाँव में "एशियाड टावर" का निर्माण कब और किस मकसद से हुआ था और उसके निर्माण पर कितना खर्च हुआ एवं अब तक इसकी उपयोगिता क्या रही है;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार इस "टावर" को बेचना चाहती है;

(ग) यदि हां, तो टावर की खरीद की प्रस्तावित कीमत क्या है और इसकी बिक्री का कारण और आधार क्या है; और

(घ) क्या इस संबंध में अंतिम निर्णय ले लिया गया है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) (क) खेल गांव नई दिल्ली में एशियाई टावर का निर्माण एशियाई 82 के खिलाड़ियों के लिए जल-आपूर्ति और कैटरिंग सुविधाओं के लिए वर्ष 1981-82 में किया गया था । इस टावर के निर्माण पर अप्रैल, 1983 तक 69.52 लाख रु० खर्च हुए ।

(ख) से (घ) दिल्ली विकास प्राधिकरण का विचार राजस्व प्राप्ति हेतु टावर रेस्तरों को बेचने का है । 17-10-94 को की गयी नीलामी में टावर रेस्तरों की खरीद हेतु 1,00,01,000 करोड़ रुपये (एक करोड़ एक हजार रुपये) की कीमत रखी गयी थी । उक्त नीलामी में लगी एकमात्र सम्पर्क बोली निरस्त कर दी गई है ।

Threat from Brahamputra and Siang Rivers

2927, SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state :

(a} whether Government are aware of the fact that the Sonari ghat and Oiram ghat areas of Dhemaji District of Assam are constantly facing threat from Brahmaputra and Siang rivers respectively since several decades; and

(b) if so, what steps are being taken or are proposed to be taken by Government to protect these areas from regular flood damages and soil erosion ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT AND MINISTRY OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P. K. THUNGON): (a) Yes, Sir.

(b) Flood Control being a State subject, funding and management of flood control, schemes are done by the States from their own resources according to their own priorities. The Government of Assam have constructed 80 kilometre length of embankment during 1954 to 1970 along Brahmaputra to protect Sonarighat and Oiramghat areas from floods. Bank erosion at Sonarighat is presently dormant due to migration of main stream towards middle, but at Oiramghat it continues. Bank protection works at Oiramghat could not be taken up due to fund constraints.

गुजरात में बाढ नियंत्रण के लिए सहायता

2928. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान, वर्ष-वार गुजरात के लिए बाढ़ नियंत्रण हेतु जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) उक्त सहायता में से वडोदरा, भरूच और सूरत के लिए कितनी राशि आवंटित की गई ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार का विचार देश में नदियों विशेषतः नर्मदा नदी के किनारों को मजबूत बनाने का है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) से (घ) चूंकि बाढ़ नियंत्रण राज्यों का विषय है इसलिए बाढ़ नियंत्रण योजनाओं का वित्त पोषण और प्रबंध, जिसमें नदियों के किनारों को सुदृढ़ करना भी शामिल है, राज्यों द्वारा अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार उनके अपने संसाधनों से किया जाता है । केंद्र सरकार उन कार्यों में सहायता प्रदान करती है जो तकनीकी, उत्प्रेरक और संवर्धक प्रकृति के होते हैं । केंद्र सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान बाढ़ नियंत्रण हेतु गुजरात को केंद्रीय क्षेत्र से कोई भी राशि निर्मुक्त नहीं की है । गुजरात राज्य योजना के बाढ़ नियंत्रण क्षेत्र के वास्ते अनुमोदित परिव्यय और वास्तविक व्यय निम्नलिखित है :

वर्ष	अनुमोदित परिव्यय	वास्तविक व्यय (लाख रुपए में)
1991-92	160	182
1992-93	324	362
1993-94	160	185